पंजाब केसरी 28/11/2024

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में महिलाओं के खिलाफ हिंसा एवं बाल विवाह उन्मूलन विषय पर हुई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

*महिलाओं के खिलाफ हिंसा एवं बाल विवाह उन्मूलन विषय पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते प्राचार्य डा. रोहित दत्त। (देवव्रत)*

अम्बाला, 27 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा एवं बाल विवाह उन्मूलन विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम की संयोजिका डा. पिंकी गुप्ता के निर्देशन में आयोजित किया गया।

अपने संबोधन में प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए इस प्रकार की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता कॉलेज का एक सराहनीय प्रयास है, जिसने आपातकालीन सेवाओं के महत्व और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह के उन्मूलन के प्रति जागरुकता फैलाने में अहम योगदान दिया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिला हैल्पलाइन 181, चाइल्ड हैल्पलाइन 1098 और इमरजैंसी रिस्पांस सिस्टम 112 के महत्व के बारे में जागरुकता को बढ़ाना था। प्रतियोगिता में 23 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डा. नेहा अग्रवाल, डा. तृप्ति शर्मा, प्रो. रीतिका, प्रो. जसमीता हांडा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।